23/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने मानवता और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन्होंने कहा कि वे एक महान आध्यात्मिक मार्गदर्शक और सच्चे देशभक्त थे जिन्होंने प्रेम और एकता को बढ़ावा दिया और लोगों को सत्य और न्याय के लिए लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने लोगों से गुरु तेग बहादुर की शिक्षाओं को अपनाने और उनके महान आदर्शों का अपने जीवन में अनुसरण करने को कहा।

0000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतवंशियों और अन्य देशों के लोगों से **भारत को जानिए** क्विज़ में भाग लेने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह क्विज़ भारत और सम्पूर्ण विश्व में रहने वाले भारतवंशियों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ बनाती है। श्री मोदी ने इसे देश की समृद्ध धरोहर और जीवंत संस्कृति को जानने का एक शानदार माध्यम बताया।

उन्होंने कहा कि क्विज़ के विजेताओं को अतुल्य भारत के दर्शन करने का भी अवसर मिलेगा।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज राज्य सचिवालह ईटानगर में एक बैठक में ट्रांसमिशन और वितरण प्रणाली को मजबूत करने की व्यापक योजना की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा में परियोजना के कार्यान्वयन में तेजी लाने और चुनौतियों को हल करने पर ध्यान केंद्रित

किया गया, जिसमें तवांग से लोंगडिंग तक ट्रांसमिशन लाइनों के लिए मुआवजे के मुद्दे भी शामिल हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, श्री मेन ने अधिकारियों से मार्च दो हजार पच्चीस तक परियोजना को पूरा करने का आग्रह किया और जमीनी मुद्दों को हल करने के लिए स्थानीय प्रतिनिधियों की भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने बिजली विभाग को बिजली लाइन के रखरखाव के दौरान दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल स्थापित करने का भी निर्देश दिया और पिछले हताहतों पर दुख व्यक्त किया। इस बीच, मुख्य सचिव ने जिला अधिकारियों और पावर ग्रिड को पंद्रह से बीस दिनों के भीतर लंबित मुद्दों को हल करने और लाइनों को समय पर चालू करने का निर्देश दिया।

0000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चौना मीन ने कल अरुणाचल प्रदेश के इतिहास को संरक्षित करने और इसके स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए दो महत्वपूर्ण बैठकों की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान अंसंग हिरोज पर कोर कमेटी ने राज्य के भूले-बिसरे नायकों का दस्तावेजीकरण करने के लिए शोध को आगे बढ़ाने का फैसला किया और राजीव गांधी विश्वविद्यालय से आग्रह किया कि वे जल्द ही पुस्तक के रूप में निष्कर्षों को प्रकाशित करें ताकि उन्हें स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सके। इसके अलावा, कला और संस्कृति विभाग को तेरह युद्ध स्मारकों के निर्माण में तेजी लाने के लिए कहा गया, जिसमें उपमुख्यमंत्री ने समय पर पूरा करने के लिए धन बढ़ाने का वादा किया। इस बीच डीसीएम मीन ने इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए धन बढ़ाने का भी आश्वासन दिया जो इन नायकों के बलिदान के लिए स्थायी श्रद्धांजलि के रूप में काम करेगा और भविष्य की पीढ़ियों के

लिए उनकी विरासत को संरक्षित करने में मदद करेगा। एक अन्य बैठक में, आगामी जीआई (Geographical Indication) महोत्सव पर चर्चा की गई जो जनवरी से फरवरी दो हजार पच्चीस में नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव में अरुणाचल के बीस जीआई-टैग वाले उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें कृषि वस्तुएं, वस्त्र, हस्तशिल्प और खाद्य पदार्थ शामिल हैं। इस पहल की देखरेख के लिए शिक्षा और पर्यटन मंत्री पासंग दोरजी सोना की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय मंच पर अरुणाचल की अनूठी संस्कृति को उजागर करना है।

00000000000000000000

पूर्वोत्तर भारत के सबसे बड़े थिएटर उत्सव अरुणाचल रंग महोत्सव का दूसरा संस्करण कल ईटानगर में शुरू हुआ। यह अरुणाचल का पहला अंतर्राष्ट्रीय थिएटर महोत्सव भी है, जो चौदह दिनों तक चलेगा जिसमें भारत और अमेरिका, पोलैंड और थाईलैंड सहित पांच देशों के कलाकार शामिल होंगे। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने अरुणाचल में युवाओं की प्रतिभा की प्रशंसा की और विभिन्न नीतियों और पहलों के माध्यम से उन्हें समर्थन देने के लिए सरकारी प्रयासों पर प्रकाश डाला। इस बीच, उपमुख्यमंत्री चौना मीन ने कहा कि बढ़ती थिएटर संस्कृति अरुणाचल के समृद्ध इतिहास और संस्कृति को प्रदर्शित करने में मदद कर रही है। इस वर्ष के अरुणाचल रंग महोत्सव के राजदूत अभिनेता पंकज त्रिपाठी है, जो कल उद्घाटन कार्यक्रम में भी शामिल हुए, उन्होंने राज्य में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने में राज्य सरकार के प्रयास और भागीदारी की सराहना की।

00000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सोलहवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और **news on air** मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी में प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम को प्रसारित किया जाएगा।

0000000000000000000000

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया पच्चीस नवम्बर को संविधान दिवस मनाने के लिए नई दिल्ली में पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे। इस पदयात्रा का विषय है- **मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान**। पदयात्रा का उद्देश्य संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देना और संविधान की प्रस्तावना और लोकतंत्र के सिद्धांतों के बारे में युवाओं को जागरूक करना है। इस पदयात्रा में केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के भी शामिल होने की उम्मीद है। पदयात्रा में माय भारत वालंटियर्स, नेहरू युवा केंद्र संगठन, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स सहित विभिन्न संगठनों के दस हजार से अधिक युवा प्रतिभागी शामिल होंगे।

000000000000000000000